## खबर संक्षेप

### यूपी: प्रदेश के 17 जिलों में लू की चेतावनी, पर कुछ जिलों में होगी हल्की बारिश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में पूर्वा हवाएं चलीं और तराई के कुछ इलाकों में बादलों की आवाजाही रही। बुधवार के लिए मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के लगभग 17 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया है और पूर्वी-तराई हिस्सों में बूंदाबांदी के आसार जताए हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक यूपी के पूर्वी-तराई इलाकों महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, गोरखपुर, बस्ती आदि में गरज-चमक संग बूंदाबांदी के संकेत हैं। कहीं-कहीं वज्रपात के भी आसार हैं। सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले तीन से चार दिन प्रदेश के विभिन्न इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। वहीं तात्कालिक तौर पर पारे में 2 से 4 डिग्री की गिरावट की संभावना है। बीते कुछ दिनों से दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के जिलों, बुंदेलखंड और यूपी के दक्षिण पूर्वी जिलों में लोगों को झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

### सुपरफास्ट ट्रेन में बम की सूचना पर मचा हड़कंप

**जौनपुर।** लोकमान्य तिलक टर्मिनस से अयोध्या कैंट जाने वाली अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन मे बम होने की सूचना पर मंगलवार को पुलिस हलकान रही। जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को खड़ी करके चेक की गई। ट्रेन दो घंटे से अधिक समय तक जंघई मे खड़ी रही।लोकमान्य तिलक टर्मिनस से अयोध्या कैंट जाने वाली 22103 अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन मंगलवार को जैसे ही प्रयागराज स्टेशन से आगे निकली, किसी ने जीआरपी कंट्रोल रूम प्रयागराज को फोन पर सूचना दिया की ट्रेन में एक महिला बैग मे बम लेकर यात्रा कर रही है। वह इंजन के 10वें बोगी में बैठी है। कंट्रोल रूम प्रयागराज ने यह सूचना लखनऊ कंट्रोल रूम को दी। जिसके बाद आरपीएफ व जीआरपी जंघई को सूचना भेजी गई। ट्रेन के जंघई पहुंचने से पहले जीआरपी प्रभारी प्रमोद कुमार यादव अपने हमराही विक्रम सिंह नंद किशोर, महेश कुमार के साथ और आरपीएफ इंस्पेक्टर आलोक तिवारी, नागेन्द्र सिह, एएसआई तथा सिपाही हरेन्द्र यादव के साथ सतर्क हो गए।

### वाहनों को डायवर्ट करते ही बिजनौर रोड जाम, गर्मी में राहगीर बेहाल

**अमरोहा।** अचानक वाहनों के डायवर्ट होते ही बिजनौर रोड पर भीषण जाम लग गया। जाम में फंसे लोग गर्मी में लोग बिलबिला उठे। एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। दस मिनट की दूरी आधे घंटे में तय हुई। करीब एक घंटे जाम के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, जाम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। अमरोहा जिले में डीआईजी मुरादाबाद का तीन दिवसीय दौरा है। सोमवार सुबह 11 डीआईजी मुनिराज जी अमरोहा पहुंचे। उनका अमरोहा नगर कोतवाली में निरीक्षण प्रस्तावित था। जिसे लेकर यातायात पुलिसकर्मियों ने बिजनौर रोड स्थित अतरासी रोड तिराहे पर बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिए। बिजनौर की तरफ से जोया की ओर जाने वाले सभी वाहनों को अतरासी रोड के लिए डायवर्ट कर दिया। अचानक वाहनों के डायवर्ट होते ही भीषण जाम लग गया। दोनों तरफ से आने वाले वाहनों की लंबी लाइन लग गई। वाहन निकालने को लेकर चालकों की पुलिसकर्मियों से झड़प भी हुई। करीब एक किलोमीटर लंबे जाम में सरकारी एंबुलेंस भी फंस गई। काफी देर तक सायरन बजाने के बाद भी एंबुलेंस को निकालने के लिए जगह नहीं मिली। जैसे ही जोया से बिजनौर की तरफ जाने वाली लेने खाली हुई तो एंबुलेंस को निकाला गया। तेज धूप के चलते जाम में फंसे लोग परेशान दिखे। करीब एक घंटे तक बिजनौर रोड पर जाम की स्थिति बनी रही।

### आजमगढ़-जौनपुर के 4 पशु तस्करों पर लगा गैंगस्टर एक्ट, लंबे समय से हैं वांटेड

**गोरखपुर।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को चार पशु तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया हैं। जिलाधिकारी के अनुमोदन पर पुलिस ने आजमगढ़ के आलमपुर थाना अहिरौला के आजाद, सोनू, जुनैद और जौनपुर के सुल्तानपुर थाना सरपतहा के रोहित यादव पर कार्रवाई की है। गिरोह का सरगना आजाद पर एम्स में दो, बड़हलगंज में दो और अहिरौली थाना में छह मुकदमें दर्ज है। इसके सदस्य सोनू पर बड़हलगंज में दो, जुनैद पर सहजनवां थाना में चार और बड़हलगंज में दो और रोहित यादव पर बड़हलगंज में तीन, देवरिया के बरहज थाने में दो, संतकबीरनगर के कोतवाली थाने में दो, गोंडा के तरबगंज थाने में एक, जौनपुर सरपतहा में तीन मुकदमें दर्ज हैं। आजाद अपने गिरोह के सदस्यों के साथ अलग-अलग थाना क्षेत्र में पशुओं की चोरी कर उनकी तस्करी करता था। काफी दिनों से पुलिस उसकी तलाश कर रही हैं।

# डेढ़ माह बाद 16,558 फीट ऊंचे शिंकुला दर्रा से दौड़ीं गाड़ियां

**उदयपुर (लाहौल-स्पीति)।** समुद्र तल से 16,558 फीट की ऊंचाई पर स्थित शिंकुला दर्रा मंगलवार को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की योजक परियोजना के मुख्य अभियंता राजेश राय ने हरी झंडी दिखाकर टेंपो ट्रैवलर सहित 60 से अधिक वाहनों को दर्रे के दोनों ओर से रवाना किया। अब पर्यटक कुल्लू-मनाली और लाहौल होकर शिंकुला दर्रे के रास्ते जांस्कर घाटी होते हुए लेह तक की यात्रा कर सकेंगे। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दर्रा तीन दिन की देरी से खुला। इसके साथ ही लाहौल से लेह-लद्दाख की ओर जाने वाला दारचा-पदुम-नीमू-लेह मार्ग भी पुनः बहाल हो गया है। डेढ़ माह बाद लेह-लद्दाख जांस्कर घाटी होते हुए लाहौल व मनाली से जुड़ गया है। बीआरओ के अधिकारियों ने बताया कि भारी बर्फबारी के कारण शिंकुला दर्रा डेढ़ माह पहले बंद हो गया था। इस सड़क को बहाल करने के लिए 30 फीट तक ऊंचे हिमखंडों को हटाना पड़ा। दर्रा बहाल से जांस्कर घाटी के लोगों को भी बड़ी राहत मिली है, जो अब लाहौल और कुल्लू के मनाली क्षेत्र से सीधे जुड़ सकेंगे।




### वन-वे रहेगा ट्रैफिक, पुलिस संभालेगी संचालन

योजक परियोजना अधिकारियों ने कहा कि इस मार्ग के खुलने से न केवल स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी पंख लगेंगे। केलांग और जिस्पा जैसे क्षेत्रों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद है। लाहौल-स्पीति पुलिस ने फिलहाल इस मार्ग पर वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की है। वाहनों की आवाजाही का संचालन जिला पुलिस करेगी। दर्रा खुलने के मौके पर बीआरओ के ओसी मेजर उत्कर्ष शुक्ला सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### लाहौल की तरफ से सुबह ही लग गई थी वाहनों की कतार


केलांग (लाहौल-स्पीति)। शिंकुला दर्रा खुलने की खबर मिलते ही लाहौल की ओर से बड़ी संख्या में वाहन सुबह ही दर्रे की ओर रवाना हो गए। लेकिन भारी बर्फ और संकरी सड़क के कारण वाहनों की कतारें लग गईं। कुछ स्थानों पर सड़क पर फिसलन और जगह-जगह बर्फ जमा होने के कारण वाहन चालकों को कई घंटों तक इंतजार करना पड़ा। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने सीमा सड़क संगठन का आभार जताया, जिन्होंने विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद दर्रे को बहाल करने का कठिन कार्य समय पर पूरा किया। पर्यटन कारोबारियों ने कहा कि दर्रा खुलने से न केवल जांस्कर घाटी से लाहौल और मनाली की कनेक्टिविटी सुधरेगी, बल्कि स्थानीय पर्यटन और व्यापार को भी गति मिलेगी।

## लाहौल की वादियां सैलानियों से गुलजार

**सिस्सू/कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल की वादियां इन दिनों सैलानियों से गुलजार हो गई हैं। घाटी के सिस्सू में बड़ी संख्या में सैलानी बर्फ की चादर के बीच खूब मस्ती कर रहे हैं। स्कीइंग के साथ अन्य गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या से पर्यटन कारोबारियों से चेहरे भी खिल गए हैं। वहीं, कुल्लू जिले में अप्रैल में साहसिक गतिविधियों राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग ने रफ्तार पकड़ ली है। राफ्टिंग पॉइंट सैलानियों से गुलजार हो गए हैं। इन स्थानों पर कारोबार भी दोगुना हो गया है। ब्यास नदी की लहरों पर पर्यटक राफ्टिंग का लुत्फ ले रहे हैं। अब ट्रैकिंग सीजन भी शुरू होने वाला है। इसकी शुरुआत होते ही ट्रैकर भी अब पहाड़ों की ओर कदमताल शुरू कर देंगे। पर्यटक कुल्लू की वादियों में रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग का खूब आनंद ले रहे हैं। पहाड़ों में पैराग्लाइडिंग हो रही है। निचले क्षेत्रों पिरड़ी, रायसन, शाढ़ाबाई और बबेली रिवर राफ्टिंग पॉइंट पर खूब चहल-पहल देखी जा रही है। पर्यटक नीले आसमान में पैराग्लाइडिंग कर रहे हैं। पैराग्लाइडिंग पॉइंट सोलंगनाला, डोभी और रायसन में मानव परिंदे उड़ान भर रहे हैं। कुल्लू-मनाली में सैलानियों को आकर्षित करने के लिए साहसिक पर्यटन की अहम भूमिका है। ब्यास की जलधारा में भी पर्यटक रिवर राफ्टिंग का लुत्फ उठा रहे हैं। ब्यास नदी में पर्यटक खूब अठखेलियां कर रहे हैं। कुल्लू-मनाली घूमने आए पर्यटक गुरनाम सिंह, सलोनी, आशीष, शानवी, मोहित और अर्चना ने कहा कि मैदानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है।

ट्रंप की जिद पर चीन का ऐलान-ए-जंग

## टैरिफ के खिलाफ आखिरी दम तक लड़ने को तैयार



**बीजिंग।** चीन ने पीछे हटने से इनकार कर दिया है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ से शुरू हुआ वैश्विक व्यापार युद्ध बाजारों को प्रभावित कर रहा है, कूटनीतिक मतभेदों को गहरा कर रहा है, तथा वैश्विक आर्थिक स्थिरता को खतरा पहुंचा रहा है। चीन ने अमेरिका द्वारा ब्लैकमेल किए जाने की निंदा की है। यह कदम बीजिंग द्वारा पिछले सप्ताह ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक शुल्कों के बराबर शुल्क लगाने के निर्णय के प्रतिशोध में उठाया गया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने एक तीखे बयान में कहा चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने की अमेरिकी पक्ष की धमकी एक बड़ी गलती है। यदि अमेरिका अपनी बात पर अड़ा रहा तो चीन अंत तक लड़ेगा। बीजिंग का सख्त रुख, जो कि वार्ता के लिए उसके पहले के आह्वान से एकदम अलग है, विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच आर्थिक टकराव के एक नए चरण का संकेत देता है। कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख समाचार पत्र ने सोमवार को घोषणा की कि चीन अब किसी समझौते के भ्रम में नहीं रह गया है। हालांकि उसने भविष्य में बातचीत के लिए एक खिड़की खुली रखी है। 2 अप्रैल को घोषित ट्रम्प के टैरिफ का नतीजा बहुत तेज़ और गंभीर रहा है।

लंबे समय तक व्यापार गतिरोध की आशंकाओं के कारण दुनिया भर के शेयर बाज़ारों में गिरावट आई है। हालांकि मंगलवार को आंशिक सुधार देखने को मिला - जापान के निक्केई में 6त्न की बढ़त और चीनी ब्लू चिप्स में 1त्न की उछाल के साथ - लेकिन अस्थिरता ने निवेशकों की गहरी बेचैनी को रेखांकित किया। यूरोपीय शेयर 14 महीने के निचले स्तर से उछल गए, जबकि अमेरिकी वायदा में मामूली बढ़त दर्ज की गई, जिसने खरबों डॉलर के मूल्य को नष्ट कर दिया था।

### महिला ने ससुरालियों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप, केस दर्ज

**ऊना।** क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने महिला थाना ऊना में अपने ससुरालियों पर उत्पीड़न करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला के पति, सास-ससुर और देवर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला ने शिकायत में पुलिस को बताया कि उसकी शादी अप्रैल 2024 में लुधियाना निवासी युवक से हुई। शादी में उसके पिता ने हैसियत के अनुसार काफी खर्च किया लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही ससुरालियों ने उसे ताने देने शुरू कर दिए। कहने लगे कि शादी में उनकी खातिरदारी नहीं हुई और उनकी हैसियत अनुसार उपहार नहीं दिए गए। कहा कि शादी के समय ससुराल वालों ने दहेज लेने से मना किया और शादी के बाद दहेज को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उसका पति निजी कंपनी में कार्यरत है लेकिन शादी के बाद उसे कोई खर्च नहीं दिया। सास की प्रताड़ना के बारे में जब उसने अपने पति को बताया तो उसने कहा कि घर में रहना है तो सब सहना होगा। फोन करने तक पर पाबंदी लगा दी। ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर उसने किसी तरह अपने माता-पिता को सारी बात बताई। महिला ने पुलिस को बताया कि इस दौरान वह गर्भवती भी हुई लेकिन ससुराल वालों ने उसका भी लिहाज नहीं रखा। लगातार परेशानी में रहने के कारण उसका गर्भपात हो गया। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी पर सरकार सख्त...

## निजी स्कूलों का होगा ऑडिट, दोषी मिलने पर होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** फीस वृद्धि में मनमानी रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने 1,677 निजी स्कूलों के ऑडिट का फैसला किया है। हर जिले के एसडीएम के नेतृत्व में तीन सदस्यों की टीम स्कूलों का निरीक्षण और ऑडिट करेगी। दोषी मिलने पर मुकदमा दर्ज होगा। वहीं, दस दिन में स्कूलों की फीस बढ़ोतरी का ब्योरा शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक किया जाएगा। बढ़ी फीस अभिभावकों को वापस दिलाई जाएगी। बढ़ी फीस को लेकर अभिभावक सीधे ईमेल आईडी से निदेशालय को शिकायत कर सकेंगे। हाईकोर्ट में फीस मामलों की जल्द सुनवाई के लिए दिल्ली सरकार पैरवी करेगी। दिल्ली सचिवालय में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निजी स्कूलों में ऑडिट के निर्देश दिए हैं। जांच कमेटी में एसडीएम, तहसीलदार और अकाउंट विभाग के लोग शामिल होंगे। शिक्षा मंत्री ने फीस वृद्धि पर पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में जिन स्कूलों ने 2024-25 तक फीस बढ़ाई है, उनका ऑडिट रिकॉर्ड मंगवाया गया है। सूद ने बताया, द्वारका स्थित निजी स्कूल ने पांच साल में 20, 13, 9, 8 व 7 फीसदी फीस बढ़ाई। डीएम कापसहेड़ा के नेतृत्व में इस स्कूल की जांच चल रही है। आतिशी व सिसोदिया ने आरोप लगाया था कि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था अब माफिया के हवाले है व कई स्कूलों ने 20 से 82 फीसदी तक फीस वृद्धि की है।

### मेल पर कर सकते हैं शिकायत

जांच कमेटी में एसडीएम, तहसीलदार और अकाउंट विभाग के लोग शामिल होंगे। फीस वृद्धि संबंधी शिकायतों को लेकर अभिभावक सीधे ddeactv@gmail.com ईमेल कर सकेंगे। शिक्षा निदेशालय के दफ्तर में जाकर भी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। उप शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में शिकायत की जांच होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में जिन स्कूलों ने 2024-25 तक फीस बढ़ाई है उनके ऑडिट रिकॉर्ड को मंगवाया है।

### हर वर्ष सिर्फ 75 स्कूलों का हुआ ऑडिट

शिक्षा मंत्री ने बताया कि पिछली सरकार के दस साल के शासनकाल में दिल्ली के 1677 निजी स्कूलों में से सिर्फ 75 स्कूलों का ही हर साल ऑडिट हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि साल 2004 के एक निजी स्कूल के केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने साफ कर दिया था कि किसी भी निजी स्कूल को फीस बढ़ाने से पहले शिक्षा निदेशालय की मंजूरी लेना जरूरी है। जिस स्कूल के बारे में बार-बार मनीष सिसोदिया जिक्र कर रहे हैं जब उनकी सरकार थी तब उन्होंने फीस बढ़ाने पर क्या कार्रवाई की है।

### घपला करने के बाद भी बढ़ाई फीस

आशीष सूद ने यह भी बताया कि द्वारका स्थित निजी स्कूल ने बीते पांच साल में 20 , 13, 9, 8, 7 फीसदी फीस बढ़ाई। पिछली सरकार के शासन में एक ओर निजी स्कूल ने 35 फीसदी फीस बढ़ाई। इसी स्कूल ने साल 2024-25 में 36 फीसदी फीस बढ़ाई। हैरानी वाली बात यह है कि एक निजी स्कूल ने 15 करोड़ रुपये खर्च कर घपला किया था। फिर भी उस स्कूल को 2022-23 में 15 फीसदी फीस बढ़ाने की अनुमति दी गई। स्कूल ने 2024-25 में भी 13 फीसदी फीस बढ़ाई फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह एक ओर निजी स्कूल ने 42 लाख रुपए अनियमितता के लिए नोटिस दिया था। फिर भी स्कूल ने 2022-23 में 14 फीसदी फीस बढ़ा दी।



### दिल्ली में है 1677 निजी स्कूल

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि दिल्ली में 1677 निजी स्कूल हैं। इसमें 335 सरकारी जमीन पर बने हैं जिनके लिए 1973 के दिल्ली स्कूल एक्ट में यह नियम है कि राज्य सरकार से फीस बढ़ाने से पहले अनुमति लेना जरूरी है। 114 स्कूल ही ऐसे हैं जिनको फीस बढ़ाने के लिए अनुमति लेने के लिए कोई बाध्यता नहीं हैं।

### द्वारका मामले में बनाई जांच कमेटी

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश के बाद द्वारका स्थित स्कूल की जांच के लिए डीएम के आदेश पर जांच कमेटी बनाई गई है। डीएम कापसहेड़ा के नेतृत्व में स्कूल की जांच चल रही है। स्कूल लगातार पांच साल से फीस बढ़ा रहा है। हम अगले दस दिन के अंदर दिल्ली की जनता को बताएंगे कि किस-किस स्कूल ने पिछले सालों में कितनी फीस बढ़ाई है। इस सारे डाटा को शिक्षा विभाग की साइट पर डाल देंगे ताकि लोग देख सके कि कैसे झूठ फैलाया जा रहा है कि हमारी सरकार ने फीस नहीं बढ़ने दी। लेकिन फिर भी फीस बढ़ाई जाती रही है।

### स्कूलों से लेन-देन की होगी जांच

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आतिशी की सरकार ने तब क्यों कार्रवाई नहीं की। जिस स्कूल का वह नाम ले रहे है उस स्कूल का एक करोड़ 68 लाख रुपये का घपला पकड़ा गया। इस स्कूल ने भी 2023-24 में 23.84 फीसदी और 2024-25 में 14.68 फीसदी फीस बढ़ाई।

### रामपुर में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरुकता अभियान का आयोजन

**रामपुर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना रामपुर के तत्वावधान में ब्लॉक समिति हॉल में पोषण पखवाड़ा के तहत एक दिवसीय जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा 22 अप्रैल तक पूरे जिले में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत पोषण शपथ के साथ की गई। इसके बाद प्रतिभागियों ने भारत सरकार द्वारा आयोजित वेबकास्ट देखा, जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पोषण के महत्व और सरकारी प्रयासों पर विचार साझा किए। बाल विकास परियोजना अधिकारी रामपुर शशि ठाकुर ने पोषण पखवाड़ा की औपचारिक शुरुआत करते हुए विभाग की विभिन्न पोषण योजनाओं की जानकारी दी।

## हिमाचल के कई भागों में पांच दिन बारिश, चोटियों पर बर्फबारी के आसार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में पांच दिन बारिश की संभावना है। वहीं चोटियों पर हल्की बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 8 अप्रैल को लाहौल-स्पीति और चंबा के ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। शिमला में भी आज हल्के बादल छाए हुए हैं। 9, 10 और 11 अप्रैल को राज्य के चंबा, कुल्लू, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी हो सकती है। जबकि 10, 11 और 12 अप्रैल को निचले पर्वतीय-मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है। 13 अप्रैल से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है, इसके बाद अगले 3-4 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के आसार हैं। वहीं राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। वहीं आज कुछ स्थानों पर गर्म हवाएं चलने का अलर्ट है। शिमला में न्यूनतम तापमान



14.6, सुंदरनगर 15.3, भुंतर 12.6, कल्पा 7.4, धर्मशाला 17.2, ऊना 14.7, नाहन 17.4, केलांग 2.2, पालमपुर 16.5, सोलन 12.5, मनाली 10.6, कांगड़ा 16.9, मंडी 16.5, बिलासपुर 15.4, चंबा 13.2, डलहौजी 7.5, कुफरी 11.5, कुकुमसेरी 1.6, भरमौर 13.9, सेऊबाग 10.5, धौलाकुआं 16.3, बरठीं 14.2, कसौली 17.4, पांवटा साहिब 20.0, सराहन 10.3, देहरा गोपीपुर में 21.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## लेक व्यू गोल्फ कोर्स को नए सिरे से चमकाएगा डीडीए

**नई दिल्ली।** भलस्वा में अपने लेक व्यू गोल्फ कोर्स को डीडीए नए सिरे से चमकाने जा रहा है। यहां पर एक अतिरिक्त प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन एरिया तैयार किया जा रहा है और एक अतिरिक्त बंकर भी बनाया जा रहा है, जहां पर गोल्फर्स को अपने पुटिंग के अभ्यास और वार्म-अप के लिए पर्याप्त जगह मिलेगी। प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन एरिया, मूल गोल्फ कोर्स के पुटिंग ग्रीन से अलग होता है, यहां गोल्फर राउंड से पहले अपने पुटिंग स्ट्रोक को वार्म अप करते हैं। डीडीए के अधिकारियों के मुताबिक, ग्रीन व्यू कोर्स पहले से अधिक हरा भरा दिखाई देगा, जिसके रखरखाव के लिए 48 बेलदारों की तैनाती की जाएगी। नए बेलदारों की भर्ती प्रक्रिया डीडीए ने शुरू कर दी है। इसे साल भर में नया स्वरूप देने की योजना है। नए प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन एरिया और बंकर को

### अब मिलेगी ये और सुविधाएं



करीब छह महीने में तैयार करने की योजना है। डीडीए लेक व्यू गोल्फ कोर्स 79 एकड़ क्षेत्र में फैला है, जिसमें कुल नौ होल गोल्फ कोर्स है। यह मुकुंदपुर गांव के पास मुकरबा चौक से एक किमी दूर आउटर रिंग रोड पर भलस्वा झील परिसर में स्थित है। इसमें 220 गज की ड्राइविंग रेंज है, जिसमें 10 ड्राइविंग बे, एक प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन और बंकर के साथ चिपिंग एरिया है।

### भारत का सबसे लंबा गोल्फ कोर्स डीडीए का

डीडीए ने लाडो सराय में कुतुब गोल्फ कोर्स भी विकसित किया है, जिसमें 18 होल हैं। यह देश में विकसित पहला सार्वजनिक गोल्फ कोर्स भी है। इसके बाद डीडीए ने भलस्वा गोल्फ कोर्स को पे एंड प्ले सुविधा की योजना के इरादे से एक सार्वजनिक गोल्फ कोर्स के रूप में विकसित किया। इसके अतिरिक्त दिल्ली में द्वारका में डीडीए का एक और गोल्फ कोर्स है, जिसे बीते साल दिसम्बर में खोला गया है। 158 एकड़ में फैले 18 होल वाले इस गोल्फ कोर्स में 52 हिटिंग बे और 375 गज की ड्राइविंग रेंज है। डीडीए के मुताबिक, ये भारत का सबसे लंबा गोल्फ कोर्स भी है।

## अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

### तीन युवक गिरफ्तार, एक फरार, 18 बाइकें भी बरामद

**रुड़की।** पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी 18 बाइकें भी बरामद की हैं। एक आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस ने चारों पर केस दर्ज कर लिया है। साथ ही गिरफ्तार तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। वहीं, पुलिस फरार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मंगलवार को गंगनहर कोतवाली में एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया। एसएसपी ने बताया कि बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के जिलेभर की पुलिस को चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंगलवार सुबह गंगनहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि लाठरदेवा-पनियाला तिराहे के पास दो संदिग्ध युवक बिना नंबर प्लेट की बाइक के



साथ खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को पकड़कर पूछताछ की लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो पता दोनों ने चोरी की बाइक होना स्वीकार किया। पुलिस दोनों को पकड़कर कोतवाली ले आई और गहनता से पूछताछ की। पूछताछ में सचिन ने बताया कि मोनू उसके बचन का दोस्त है। मोनू के जरिए उसकी मुलाकात गौरव से हुई थी। इसके बाद उनके ग्रुप में अंकित की एंट्री हुई थी।